तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 22 मई 2026

13 पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की युवा सोच को कभी...



14 शहर के बीच से मौत बनकर गुजर रहे रेत से भरे हाइवा...





दुकान किराए पर देना है
नवापारा बस स्टैंड में सुसज्जित 3 दुकान किराए पर देना है
बहुत शानदार लोकेशन
फॉल सिलिंग कैमरा और सभी सुविधा
मो.: 9516940882

# 15 गांवों से पहुंचे ग्रामीणों ने सौंपे 1,383 आवेदन, मौके पर ही अधिकांश समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

राज्य शासन की जनकल्याणकारी सोच तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित सुशासन तिहार 2026 प्रदेशभर में लगातार जारी है। इसी कड़ी में मैनपुर विकासखंड के बुड़गेलटप्पा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दूरस्थ वनांचल क्षेत्रें से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी शिकायतें, समस्याएं तथा मांग संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर शासन-प्रशासन के समक्ष अपनी बात मजबूती से रखी। शिविर में शामिल 15 गांवों के नागरिकों द्वारा कुल 1 हजार 383 आवेदन प्राप्त हुए। जिनके परीक्षण उपरांत अधिकारियों ने आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की

## बुड़गेलटप्पा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर





और अधिकांश आवेदनों का निराकरण किया गया। साथ ही ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभान्वित भी किया गया। सभी विभागीय अधिकारी- कर्मचारियों ने स्टॉल लगाकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए प्राथमिकता अवलोकन किया। गरियाबंद कलेक्टर श्री बीएस उइके ने कहा कि शासन का मुख्य उद्देश्य के दूरस्थ अंचलों तक पहुंचकर वहां के नागरिकों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र के लिए 5 सड़कें, पुल-पुलिया स्वीकृत हो चुकी हैं। जिनकी टेंडर प्रक्रिया जारी है। कुछ पुल-पुलिया का निर्माण कार्य जून तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### तनाव प्रबंधन व योग शिविर का आज से

अभनपुर। मानसिक तनाव, चिंता और भागदौड़ भरी जीवनशैली से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से ब्रह्माकुमारीज अभनपुर द्वारा 22 मई से 24 मई तक 3 दिवसीय तनाव प्रबंधन एवं योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रातः 7 बजे से योगा सत्र प्रारंभ होगा एवं सायं 5 बजे से 7 के सत्र में मेडिटेशन एवं सकारात्मक चिंतन के माध्यम से स्वस्थ, संतुलित और खुशहाल जीवन जीने की कला सिखाई जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध योग शिक्षक, मोटिवेशनल स्पीकर एवं काउंसलर बी.के. विकास भाई उपस्थित रहेंगे। शिविर के दौरान हीलिंग मेडिटेशन, तनाव मुक्ति तकनीक, स्वस्थ जीवनशैली, समय प्रबंधन, आत्म-जागरूकता एवं आध्यात्मिक ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे।

### अधेड़ महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**नवापारा-भेण्डरी।** परेवाडीह के गीता बाई ध्रुव उम्र 42 वर्ष ने नर्सरी के बबूल पेड़ में रस्सी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह महिला अपने पति के साथ भेण्डरी में ईंट बनाने का काम करती थी। बड़ी करेली पुलिस चौकी को सुचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर फांसी में लटकी महिला का शव नीचे उतारा और पीएम के लिए रवाना कर दिया। मृतका के शरीर में किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाया गया है। अंदेशा है कि पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद के चलते गुस्से में यह कदम उठाया गया है। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### प्राकृतिक आपदा के प्रकरण पर 4 लाख रुपए की राशि स्वीकृत

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के प्रकरण में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के परिजन को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गरियाबंद तहसील के ग्राम आमामोरा निवासी 20 वर्षीय ललिता भुंजिया की 31 जुलाई 2025 को कारीपगार झरना के गड्ढे में गिरकर मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम परिजन पदमन भुंजिया को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### प्रयास विद्यालय प्राक्चयन परीक्षा मॉडल उत्तर पुस्तिका जारी

**गरियाबंद।** प्रतिभावन विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए सघन तैयारी कराई जाती है। इसके लिए राज्य में मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए है। आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त लोकेश्वर पटेल ने बतया कि प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 10 मई को आयोजित किया गया था। जिसका मॉडल उत्तरपुस्तिका एकलव्य डॉट सीजी डॉट इन पर 20 मई को अपलोड कर दिया गया है। जिसे अभ्यर्थी देख सकते है। इसी प्रकार दावा आपत्ति 30 मई 2026 तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कक्ष क्रमांक 56 में स्वयं उपस्थित होकर दस्तावेज के साथ दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बिना प्रमाण के ▶▶|शेष पेज 12 पर

## समस्या : मैनपुर ब्लॉक में स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर पर, दो दर्जन से अधिक भवनों की हालत बेहद खराब

# 53 उपस्वास्थ्य केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव, प्राथमिक में एक भी रेगुलर डॉक्टर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शासन प्रशासन द्वारा 53 उपस्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना किया गया है लेकिन इन उपस्वास्थ्य केन्द्रो में न तो पर्याप्त स्वास्थ्य विभाग द्वारा कर्मचारी तैनात नहीं किया गया है तो कहीं बेहद जर्जर और किराए के भवन में उपस्वास्थ्य केन्द्र संचालित हो रहा है। 03 उपस्वास्थ्य केन्द्र काण्डेकेला, गोहरापदर में तो एक भी कर्मचारी नहीं है जिसके कारण हमेशा ताला लटका रहता है जिसके कारण ग्रामीण इलाके के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। इसी तरह मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में 03 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उरमाल, झरगांव एवं शोभा में संचालित किया जा रहा है लेकिन इन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी कही रेगुलर डॉक्टर तैनात नहीं किया गया है। एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में रेगुलर डॉक्टर के साथ 8 कर्मचारी के पद स्वीकृत है लेकिन आपको जानकार बड़ा आश्चर्य होगा





### कर्मचारियों की व्यवस्था है

मैनपुर बीएमओ डॉ गजेन्द्र ध्रुव ने बताया की मैनपुर विकासखण्ड में कुल 53 उपस्वास्थ्य केन्द्र संचालित किया जा रहा है। जहां भवन नहीं है उसकी जानकारी भेजी जा चुकी है सभी जगह कर्मचारियों की व्यवस्था किया गया है।

### 53 ग्रामों में उपस्वास्थ्य केंद्र का संचालन

मैनपुर ब्लॉक के ग्राम बरदुला, भेजीपदर, बुरजाबहाल, छैलडोंगरी, धुरवागुड़ी, गोबरा, गोहरापदर, गोना, गौरगांव, गुढ़ियारी, इंदागांव, जाड़ापदर, झरगांव, जिड़ार, कोदोभाठा, कोयबा, कुल्हाड़ीघाट, मैनपुरकला, मुचबहाल, मुड़गेलमाल, सरगीगुड़ा, सरनाबहाल, देहारगुड़ा, मटिया, सगड़ा, कुहीमाल, कुचेंगा, तौरेंगा, जांगड़ा, बजाड़ी, फरसरा, करलाझर, गुरजीभाठा टी, धनोरा, गरहाडीह, तेतलखुटी, खजुरपदर, शोभा मे उपस्वास्थ्य केन्द्र का संचालन किया जा रहा है जिसमे अधिकांश उपस्वास्थ्य केन्द्र किराए के भवन या पंचायत द्वारा सामुदायिक भवन मे संचालित किया जा रहा है। जहां पानी पेयजल, शौचालय, बिजली बुनियादी सुविधाओ का अभाव बना हुआ है जिसके कारण यहां के कर्मचारियो के साथ मरीजो को भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है।

की मैनपुर विकासखण्ड के तीनों प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कही भी अभी तक रेगुलर डॉक्टर की तैनाती नहीं किया गया है। शोभा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास स्वयं का भवन भी नहीं है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में लंबे समय से एंबुलेंस सुविधा की भी मांग किया जा रहा है जो अब तक पूरा नहीं हो पाया।

**सेटअप के अनुसार कही भी नहीं है पर्याप्त कर्मचारी-** स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उपस्वास्थ्य केंद्र में एक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के साथ एक महिला एवं एक पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता की तैनाती किया जाना है लेकिन एक भी उपस्वास्थ्य केन्द्रो में पर्याप्त कर्मचारियों की व्यवस्था नहीं किया गया है और तो और तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन नहीं है। मैनपुर से 03 किमी दूर भाठीगढ़ एवं छिन्दौला में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन नहीं होने के कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार इस समस्या से क्षेत्र के लोगों ने उच्च अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं किया जा सका है।


## दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा, 25 मई से शुरू होगा नौतपा

**नवापारा-राजिम।** मार्च माह से शुरू हुई भीषण गर्मी अब मई के अंतिम सप्ताह तक पहुँच चुकी है, लेकिन तापमान कम होने का नाम नहीं ले रहा। पिछले दो दिनों बुधवार और गुरूवार की तेज धूप और आग के गोले बरसाते सूरज ने लोगों का जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है। लगातार बढ़ती गर्मी से लोग बेहाल हैं। हालत यह है कि सड़क किनारे छोटे-छोटे फल फ्रुट और चाय नाश्ता के दुकान लगाए गरीब बहुत तेज गर्मी झेलकर धंधा कर रहे है। केला संतरा की दुकान लगाए भूपेंद्र साहू ने बताया कि 10 बजे के पहले ही गरम हवाओं के झोंके और आग उगलती सूर्य देव के तपन अब सहन से बाहर हो रहा है। दोपहर होने नहीं पाता कि सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है फिर 4-5 बजे तक केवल रखवाली करते बैठे रहते है। कमोवेश चाय नाश्ता के दुकान लगाने वाले पप्पु का भी यही कहना है। बस स्टेण्ड से लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक गंज मार्ग पर सभी दुकानदारो की यही हालत है। बता दें कि लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। बीते दो दिनों से तापमान लगातार बढ़ रहा है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पंडित कन्हैया तिवारी के मुताबिक 25 मई से नौतपा लगने जा रहा है। इधर मानसून को ▶▶|शेष पेज 12 पर

# कनसिघी में असामाजिक तत्वों ने लगाई आग, होटल खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम कनसिघी में बुधवार रात्रि 1 से 1.30 के बीच कनसिघी के मुख्य द्वार के पास संचालित होटल में आसामाजिक तत्वों द्वारा लोगों ने आग लगा दी। इस हादसे कनसिघी निवासी अगर दास पिता पीला दास का आशियाना जलकर पूरी तरह खाक हो गया। वहां पर रखा पेट्रोल, किराना सामान, बर्तन, खाट व घरेलू सामान भी जलकर नष्ट हो गया। अगर दास ने बताया कि 40 से 50 हजार रुपए का नुक़सान हुआ है। इस घटना की जानकारी पुलिस



वाले जब रात में पेट्रोलिंग में निकलें थे तभी कनसिघी में पहुंचने पर आग में जलते हुए देखकर तुरंत सरपंच भोजराज नागेश को इसकी जानकारी दी, सरपंच घटना स्थल पहुंचकर देखा तो पुरी तरह आशियाना जलकर राख हो गई थी, इसके तुरंत बाद सरपंच ने अगर दास को जानकारी दिए। सरपंच ने बताया कि दो से तीन वर्ष पहले भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा इसके झोपड़ी को आग के हवाले कर दिया था। इसलिए अगरदास इस बार ईट और लड़की का उपयोग कर अपने आशियाने सजाएं थे। आगे कहा कि अगर दास इस होटल से अपने जिंदगी की गुजर बसर कर रहे थे। अगर दास के एक बेटा था जो तीन महीने पहले बेंगलोर में मृत्यु हो गई, आज इस पीड़ित परिवार को बेघर होने से राशन, ▶▶|शेष पेज 12 पर

## पंचायत उपचुनाव की तैयारी शुरू 1 जून को मतदान

**छुरा।** त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव के तहत जनपद पंचायत छुरा अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में 1 जून को मतदान संपन्न होगा। पंचायतों में रिक्त सरपंच एवं पंच पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया जारी है। निर्वाचन कार्यालय द्वारा चुनाव को लेकर आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत करकरा में सरपंच पद रिक्त होने के कारण उपचुनाव कराया जा रहा है। पूर्व सरपंच के निधन के बाद यह पद खाली हुआ था। सरपंच पद के लिए कुमारी बाई एवं राधिका बाई ने नामांकन दाखिल किया है। दोनों प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। अब यहां 1 जून को मतदान होगा। वहीं ग्राम ▶▶|शेष पेज 12 पर

# राजीव गांधी की मनाई गई पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रदेश अध्यध धनेन्द्र साहू एवं कार्यकर्ताओ द्वारा हॉस्पिटल चौक के पास स्थित प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अभनपुर में मरीजों को फल वितरण किया गया भारत देश के विकास में राजीव गांधी के योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर धनेन्द्र साहू ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने देश को आधुनिक तकनीक और संचार क्रांति की दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य किया उनके नेतृत्व में कंप्यूटर



और दूरसंचार क्षेत्र को नई पहचान मिली, जिसका लाभ आज पूरा देश उठा रहा है। युवाओं को राजनीति और विकास की मुख्यधारा से जोडऩे में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। राजीव गांधी ने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने, शिक्षा और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण ▶▶|शेष पेज 12 पर

## पक्षियों के लिए की जा रही सराहनीय पहल

# चिलचिलाती धूप में बेजुबानों के मददगार बने हजारों लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

मैं हूँ पक्षी मित्र। इस अभियान की चर्चा पूरे देश में बनी हुई है। भीषण गर्मी में पक्षियों के संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता को लेकर शुरू हुआ यह अभियान अब एक राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन का रूप ले चुका है। मिशन लाइफ यूथ एंड इको क्लब सेजेस राजिम के तत्वावधान में संचालित इस अभियान से अब देश के विभिन्न राज्यों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, समाजसेवी, पालक एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में जुड़ रहे हैं और पक्षी मित्र बनकर पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। विद्यालय के इको क्लब की अध्यक्ष छात्रा लक्ष्मी वर्मा ने बताया कि विगत चार वर्षों से वार्षिक परीक्षाएं संपन्न होने के बाद प्रभारी शिक्षिका समीक्षा गायकवाड़ के




### प्रमाणित पक्षी मित्र को मिल रहा डिजिटल प्रशस्ति पत्र

अभियान के तहत प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग प्रमाणित पक्षी मित्र बन रहे हैं, जिन्हें डिजिटल प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों को बचाना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा जैव विविधता और प्रकृति के प्रति लोगों में संवेदनशीलता विकसित करना। शिक्षिका और छात्रों द्वारा लोगों से अपील की गई है कि वे भी इस गर्मी अपने घरों, छतों, पेड़ों एवं आंगन में मिट्टी के सकौरे, नारियल के खोल या अनुपयोगी प्लास्टिक की बोतलों में पक्षियों के लिए दाना-पानी (बर्ड फीडर)रखें पर्यावरण संरक्षण में अपना अमूल्य योगदान दें।

मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में प्रयागराज विज्ञान क्लब और मिशन लाइफ यूथ एंड इको क्लब के सदस्य छात्र-छात्राओं द्वारा बर्ड फीडर अभियान चलाया जाता है जिसके अंतर्गत प्लास्टिक की अनुपयोगी वस्तुओं, नारियल के खोल, तेल के खाली टीन तथा अन्य अनुपयोगी सामग्रियों से पक्षियों के लिए दाना-पानी के पात्र तैयार किए जाते हैं और उन्हें घर-घर जाकर वितरित किया जाता है। मार्च-अप्रैल माह में क्लब के छात्रों द्वारा बड़ी संख्या में बर्ड फीडर तैयार कर राजिम तथा कई संस्थानों व घर-घर पहुंचकर वितरित किए गए।

**कबाड़ से जुगाड़ः छात्र खुद तैयार कर रहे हैं बर्ड फीडर-** साइंस क्लब की अध्यक्ष छात्रा मोनिका देवांगन ने बताया कि जैसे-जैसे गर्मी बढ़ने लगी, भीषण तापमान को देखते हुए प्रभारी गायकवाड़ मैम ▶▶|शेष पेज 12 पर

# सहकारी समितियों में खाद-बीज का भंडारण और वितरण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

गरियाबंद जिला कृषक प्रधान क्षेत्र है। जिसके दृष्टिगत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिले के कलेक्टर बीएस उइके ने समस्त सहकारी समितियों में कृषि विभाग को खाद के पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश पर जिले में खरीफ वर्ष 2026 की तैयारियां कृषि विभाग एवं सहकारिता के माध्यम से सहकारी समितियों में बीजों का भंडारण एवं वितरण प्रारंभ हो चुका है। समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है, जिसका वितरण शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार किया जा रहा है। वर्तमान में सहकारी क्षेत्रों में कुल 17,446 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक भंडारित है। जिसमें यूरिया 9,808 मी.टन, डीएपी 2,084 मी.टन, एसएसपी 2,279 मी.टन, एमओपी 1,034 मी.टन एवं एनपीके 2,241 मी.टन शामिल हैं। इसके साथ ही नैनो यूरिया 10,511 बोतल तथा नैनो डीएपी 8,323 बोतल भी उपलब्ध है। इन उर्वरकों का वितरण धान, मक्का, दलहन-तिलहन, कोदो-कुटकी तथा रागी सहित विभिन्न फसलों के लिए अनुशंसित मात्रा के अनुसार किसानों को उनकी आवश्यकता एवं भूमि रकबे के अनुरूप नियमित रूप से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने किसानों को भूमि की उर्वरा शक्ति बनाए रखने हेतु संतुलित उर्वरक उपयोग करने की अपील की है। साथ ही साथ कृषि विभाग द्वारा हरी खाद, जैव उर्वरक एवं नील-हरित शैवाल के उपयोग के लिए प्रोत्साहित ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मृतक के निकटतम वारिसान के लिए राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम खरोरा के मृतक डिसील यादव की पत्नी मीनाक्षी यादव के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### कक्षा 9वीं में प्रवेश परीक्षा के मॉडल उत्तर जारी

**महासमुंद।** प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालयों के सत्र 2026-27 में कक्षा 9वीं प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा के मॉडल उत्तर जारी कर दिए गए हैं। मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in पर प्रदर्शित किए गए हैं।

### मुनगासेर-घोंच में आज लगेंगे समाधान शिविर

**महासमुंद।** प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 5 जून 2026 तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 22 मई 2026 को जिले के महासमुंद एवं पिथौरा विकासखंड में समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में संबंधित ग्राम पंचायतों के ग्रामीण अपनी समस्याएं, मांग एवं शिकायतें प्रस्तुत कर सकेंगे, जिनका मौके पर निराकरण किया जाएगा। महासमुंद विकासखंड में ग्राम पंचायत मुनगासेर के हाईस्कूल मैदान में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में ग्राम बनपचरी, मुनगासेर, सिंघनपुर, छिलपावन, लखनपुर, ढांक, जामपाली, डुमरपाली, सरेकेल, नरतोरा, बरेकेलकला, कुरूमांठा, भटगांव एवं छिंदौली के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी तरह पिथौरा विखं में ग्राम घोंच स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा।

# जगन्नाथ पुरी धाम में आचार्य पंकज ने लगाई भागवत कथा की सेंचुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भागवत कथा प्रवचन की श्रृंखला में पुरी धाम में सौ भागवत कथा होने पर आचार्य पंकज तिवारी का मुख्य यजमान शंकर इंद्राणी पांडेय व भागवत कथा आयोजन समिति के सदस्यों ने आचार्य का सम्मान किया। इस अवसर पर कथा हाल में शंकर पांडेय ने कहा कि यह परम सौभाग्य का विषय है कि पुरी धाम में आचार्य पंकज तिवारी का सौ भागवत कथा पूर्ण होने जा रहा है। इस जानकारी के बाद करतल ध्वनि के साथ सभी ने बधाई हो बधाई हो की शुभकामनाएं दी। भागवत कथा आयोजन समिति महासमुंद द्वारा बद्रीनाथ, रामेश्वरम, द्वारका धाम के बाद जगन्नाथ पुरी में यह आयोजन किया जा रहा है, मुख्य यजमान शंकर इंद्राणी पांडेय द्वारा सभी धाम के यात्रियों को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया जा रहा है। इस मौके पर आचार्य पंकज तिवारी ने कहा कि बिना संगीत के भागवत कथा शुरू हुई थी और पारायण के अलावा सुबह शाम भागवत का प्रवचन होता था। जजमान देवेंद्र गुड्डू चंद्राकर के यहां प्रथम भागवत कथा हुई थी। वे भी स्वयं चारों धाम में भागवत श्रवण कर रहे हैं। भागवत कथा के चौथे दिन कृष्ण जन्मोत्सव के बाद एक धाम के करीब 68 तीर्थ यात्रियों को स्मृति स्वरूप शील्ड प्रदान कर शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से समिति के दिलीप जैन, मूलचंद लड्ढा, देवेंद्र गुड्डू चंद्राकर, बाबूलाल साहू, राजेश नायक आदि मौजूद थे। एक धाम के यात्रियों में प्रमुख रूप से पूर्णिमा चंद्राकर, लता चंद्राकर, शशि चंद्राकर, आशीष साहू, सृष्टि साहू, मुक्ता साहू, मीरा साहू, कमला देवी, शांभवी, अंजू साहू, गीता सोनी, कौशल्या साहू, परी ठाकुर, शक्ति ठाकुर, केसरी चंद्राकर, रामकुंवर चंद्राकर, निर्मला राकेश साहू, निशा राकेश मिश्रा, रीना शर्मा, मीना शर्मा, प्रणीत गुप्ता, नमिता गुप्ता, कल्याणी चंद्राकर, नीता चंद्राकर, शांति चंद्राकर, प्रीति चंद्राकर, लता चंद्राकर, गुलापा चंद्राकर, शुभांगी साहू, बेला जयंत तिवारी, स्वाति तिवारी, आशा तिवारी, शोभा तिवारी, अशोक पदमा पांडेय, रामदेवी तिवारी आदि शामिल है।

### संकट से रक्षा शिव करते हैं और परिश्रम का फल विष्णु देव देते हैं

पुरी धाम के ए2 भवन में चल रहे भागवत कथा के चौथे दिन गजेंद्र मोक्ष, वामन अवतार, राम और कृष्ण अवतार की कथाओं का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि दुर्वासा ऋषि के श्राप से जब देवता हीन हो गए तो समुद्र मंथन कर अमृत और लक्ष्मी समेत नाना रत्न प्रकट हुए। सबसे पहले हलाहल विष निकला, जिसे शिव ने कंठ में धारण कर नीलकंठ कहलाए। समुद्र मंथन से कामधेनु, मदिरा, ऐरावत हाथी, चंद्रमा, लक्ष्मी व अन्य रत्न प्रकट हुए। और जब परिश्रम का फल देने की बारी आई तो भगवान विष्णु ने धनवंतरी का अवतार लेकर अमृत कलश के साथ प्रकट हुए। भगवान धन्वंतरि ने अमृत देवताओं को प्रदान किया, किंतु अमृत के लिए असुरों ने देवताओं के साथ संग्राम किया और देवताओं के हाथ से अमृत असुरों ने छुन ली। इस पर भगवान विष्णु ने मोहनी का रूप धारण कर देवताओं को अमृत पान कराया। व्यास पीठ से पंकज तिवारी ने कहा कि विपत्ति आने पर संकट से रक्षा शिव करते हैं और परिश्रम का फल भगवान विष्णु देते हैं। इसलिए प्रत्येक प्राणी को कठिन से

## अवलोकन : कलेक्टर ने किया कलेक्ट्रेट परिसर का औचक निरीक्षण

# भू-अभिलेख रिकॉर्ड रूम को व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




- अनाधिकृत व्यक्तियों के रिकॉर्ड रूम में घुसने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी
- शौचालय की नियमित सफाई करने एवं स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के निर्देश

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट परिसर का औचक निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष रूप से भू-अभिलेख रिकॉर्ड रूम की स्थिति का अवलोकन किया एवं रिकॉर्ड को व्यवस्थित, सुरक्षित एवं अद्यतन रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर लंगेह ने स्पष्ट रूप से कहा कि भू-अभिलेख शाखा में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश पूर्णतः निषेध है। किसी प्रकार की अतिरिक्त राशि या अवैध वसूली की शिकायत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनाधिकृत व्यक्ति किसी भी तरह भू अभिलेख संबंधी कार्य को अंजाम न दे, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखने तथा शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर लंगेह ने आम नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी अनाधिकृत अथवा बिचौलिये के झांसे में न आएं और सीधे संबंधित कार्यालय से संपर्क कर शासन की निर्धारित प्रक्रिया के तहत कार्य कराएं। इस दौरान उन्होंने कार्यालय परिसर की स्वच्छता व्यवस्था पर भी विशेष जोर दिया। शौचालय की नियमित साफ सफाई करने के निर्देश दिए। गंदगी पाए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी टॉयलेट्स की प्रतिदिन कम से कम दो बार फिनाइल से सफाई सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक एक घंटे में टॉयलेट फ्रेशनर का उपयोग कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखा जाए। कलेक्टर ने कहा कि शासकीय कार्यालयों में पारदर्शिता, अनुशासन एवं स्वच्छता प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस दौरान अपर कलेक्टर द्वय सचिन भूतड़ा एवं रवि साहू, डिप्टी कलेक्टर आशीष कर्मा एवं मनोज खांडे मौजूद थे।

# ओम फर्टिलाइज़र में स्टॉक कम पाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भौतिक सत्यापन में यूरिया के स्टॉक में कमी पाए जाने के कारण एसडीएम और तहसीलदार की अगुवाई में फर्टिलाईजर प्रतिष्ठान के खिलाफ कार्रवाई की गई है। साथ ही भौतिक रुप से उपलब्ध स्टॉक को भी जब्त करने की कार्रवाई की गई है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में कृषि आदानों की सतत निगरानी एवं निरीक्षण की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में टीम द्वारा सरायपाली एवं महासमुंद विकासखंड में औचक निरीक्षण किया गया। सरायपाली विकासखंड अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुपमा आनंद एवं तहसीलदार धर पंडा के नेतृत्व में ओम फर्टिलाइज़र प्रतिष्ठान में भौतिक सत्यापन किए जाने पर स्टॉक में 298 बोरी कम पाई गई। अनियमितता पाए जाने पर भौतिक रूप से उपलब्ध स्टॉक को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। साथ ही अग्रिम वैधानिक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव कृषि विभाग को प्रेषित किया जा रहा है।

इसी तरह मुख्यालय में गत दिवस तहसीलदार जुगल किशोर पटेल के नेतृत्व में बग्गा कृषि सेवा केंद्र के दुकान एवं गोदाम तथा मार्कफेड खाद गोदाम तुमाडबरी का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद एवं उर्वरकों के भंडारण, वितरण तथा अभिलेखों का परीक्षण किया गया। प्रशासन द्वारा किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि उर्वरक उपलब्ध कराने एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के उद्देश्य से लगातार निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है।

## भेण्डरी में तालाब गहरीकरण...



**नवापारा-भेण्डरी।** ग्राम भेण्डरी के बरदे तालाब गहरीकरण कार्य में 120 मजदूर लगे हुए हैं। स्वीकृत राशि 9 लाख 72 हजार रुपए है। सर्वप्रथम भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य विनीता साहू ,सरपंच राजेश्वरी पटेल, उपसरपंच राधे पटेल, पंच डोमार सिन्हा, पिन्टू सिन्हा भगवान दास, रोजगार सहायक सोहद्रा निषाद मौजूद थे।

# सात साल में भी स्टॉपडैम में नहीं लग पाए गेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



जिले के बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे खट्टी ग्राम पंचायत के नटई नाला में ग्रामीणों को सिंचाई और निस्तारी सुविधा देने के उद्देश्य से बनाया गया स्टॉपडेम विभागीय लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी के चलते अधूरा है।

खल्लारी विधानसभा के तत्कालीन विधायक चुन्नीलाल साहू के कार्यकाल में करीब 47 लाख की लागत से स्वीकृत इस डेम को बने लगभग 7 वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है। इतने लंबे अंतराल के बाद भी आज तक इस डेम में पानी रोकने के लिए गेट (शटर) नहीं लगाए जा सके। गेट न होने के कारण नटई नाला का पानी रोकने के बजाय सीधे बह जाता है। जिससे गर्मी के दिनों में किसानों को सिंचाई के लिए बूंद-बूंद पानी को तरसना पड़ रहा है। पानी के बहाव से ही इस डेम के मुख्य ढांचे में गहरी दरारें पड़ गई है। घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल के कारण यह डेम जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। और कभी भी पूरी तरह ढह सकता है। स्थिति यह है कि नाले में पानी तो दूर घास-फूस, छोटी झाड़ीयां और रेत नजर आ रही है और 47 लाख के इस प्रोजेक्ट से लाखों रुपए का बजट खर्च होने के बाद भी खट्टी पंचायत के ग्रामीण अन्नदाता किसान पानी के लिए परेशान है।

## अध्यापन कक्षा में ब्लूप्रिंट का पृष्ठ चस्पा होना चाहिए: रेखराज

**महासमुंद।** ब्लूप्रिंट एवं शिक्षा शास्त्र विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रेखराज शर्मा एवं एपीसी पेडागॉजी संपा बोस का आगमन हुआ। दोनों अधिकारियों ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए शिक्षकों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा ने कहा कि सत्र के प्रारंभ में आयोजित यह प्रशिक्षण आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए अत्यंत उपयोगी एवं अनुकूल रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अध्यापन कक्षा में ब्लूप्रिंट का पृष्ठ चस्पा होना चाहिए। ताकि विद्यार्थी उसका अध्ययन कर सकें और परीक्षा की तैयारी सुनियोजित ढंग से कर सकें। उन्होंने आगे कहा कि विद्यार्थी विकास सूचकांक बच्चों की अधिगम क्षमता को प्रदर्शित करता है, इसलिए इसका भी विद्यालयों में प्रदर्शन किया जाना आवश्यक है। यदि शिक्षक सुनियोजित योजना बनाकर अध्यापन कार्य कराएं तो सफलता निश्चित रूप से प्राप्त होगी। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास में पालक, बालक, शिक्षक एवं समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए कहा कि शत-प्रतिशत नामांकन से लेकर बच्चों के ठहराव तक सभी को सक्रिय रूप से अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। सामूहिक प्रयासों से ही शिक्षा के क्षेत्र में अपेक्षित सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, बीआरजी नरेश विश्वकर्मा, तारामती साहू सहित सभी व्याख्यातागण उपस्थित थे।



## ढाबा संचालक और उसके बेटों के साथ जमकर मारपीट, तोड़फोड़

**महासमुंद।** गाड़ी धोने के पाइप को ले जाने की बात पर हुए विवाद में ढाबा संचालक व उसके बेटों के साथ कुछ लोगों ने जमकर मारपीट करते हुए ढाबा में तोड़फोड़ कर दिया। मामला ग्राम टुरीडीह का है। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध पटेवा थाने में अपराध दर्ज किया गया है।मामले को लेकर पटेवा पुलिस को प्रार्थी राजकुमार पांडेय ने बताया कि टुरीडीह-रायतुम मोड़ के पास स्थित पांडेय ढाबा का संचालन सोनू पांडेय और नितेश पांडेय करते है। 20 मई की दोपहर करीबन 3 बजे शेखर जोगी ढाबा में आया और गाड़ी धोने के सर्विसिंग पाईप को निकाल कर ले जाने लगा, जिस पर नितेश पांडेय ने पाइप ले जाने से मना किया। जिसके चलते शेखर जोगी और नितेश के बीच विवाद हो गया। इसके बाद शेखर जोगी अपने घर चला गया, फिर कुछ देर बाद अपने पिता घनश्याम जोगी, भाई धनेश्वर जोगी, देवा जोगी, सुरज जोगी, भुरवा जोगी एवं अन्य लोगों के साथ ढाबा आया। इसके बाद सभी लोग गाली गलौज करते हुए एक राय होकर अपने-अपने हाथ में रखे लाठी, डंडे एवं टाईल्स के टुकड़े से जान से मारने की नीयत से ढाबे के अंदर घुसकर ताबड़तोड़ वार कर प्राणघातक हमला करने लगे। शेखर जोगी, देवा जोगी व धनेश्वर जोगी के द्वारा अपने हाथ में रखे लाठी डंडे एवं घनश्याम जोगी अपने हाथ में रखे टाईल्स के टुकड़े से मारपीट की, जिससे प्रार्थी के सिर एवं दाहिने हाथ में, सोनू पांडेय के सिर एवं बांये हाथ में एवं नितेश पांडेय के सिर, बांये हाथ के कंधे एवं सिर पर चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा- 109(1), 331(5), 115(2), 296, 351(3), 191(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## चालक वर्दी, फिटनेस और मेडिकल जांच के निर्देश

**महासमुंद।** जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला द्वारा मंगलवार को महासमुंद बस स्टैंड में आरटीओ टीम एवं यातायात पुलिस अधिकारियों के साथ बसों का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान बसों की फिटनेस, चालक-परिचालकों की वर्दी तथा वाहनों की सड़क पर चलने योग्य स्थिति का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला परिवहन अधिकारी ने वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से वर्दी पहनने, बसों को तकनीकी रूप से फिट एवं सुरक्षित रखने तथा वाहन चालकों की प्रारंभिक मेडिकल जांच कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उपस्थित वाहन स्वामियों एवं चालकों ने विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों का निःशर्त पालन करने की सहमति जताई। जिला परिवहन अधिकारी ने कहा कि इस प्रकार की जांच कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। यदि किसी वाहन में खामी पाई जाती है अथवा नियमों का उल्लंघन सामने आता है।

## पेज 11 के शेष...

### 15 गांवों से पहुंचे ग्रामीणों...

है। बेलाट नाला के लिए भी प्रक्रिया प्रचलित है। उन्होंने कहा कि इंदागांव उपस्वास्थ्य केंद्र के लिए 75 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। जो टेंडर प्रक्रिया में है, और आमजन की सुविधा के लिए स्वास्थ्य संबंधी कार्यों को त्वरित रूप से पूरा किया जा रहा है।

**सुरक्षा और साइबर अवेयरनेस पर जोर : एसपी-** पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने कहा कि इस क्षेत्र में ग्राम सहायता केंद्र तथा चौकी की स्थापना की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी समस्या की स्थिति में डायल 112 का उपयोग करें, जिससे तत्काल सहायता मिल सके। ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल एवं किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी से सावधान रहने तथा ऐसी स्थिति में तुरंत पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराने की भी सलाह दी गई। सोलर ठगी के मामलों पर विशेष संज्ञान लेने की बात कही गई।

**रोजगार के नए अवसर-** उदंती- सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने कहा कि क्षेत्र में पर्यटन संभावनाएं है। कोयबा में नेचर कैंप स्थापित किया गया है। जिसे इको रिसोर्ट के रूप में विकसित किया गया है। जिसके लिए पर्यटकों के लिए ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था है। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि नेचर गाइड के रूप में प्रशिक्षण लेकर रोजगार सृजन की दिशा में कार्य करने का आग्रह किया। इसके साथ ही वनांचल क्षेत्र के इच्छुक लोगों को प्लंबिंग, इलेक्ट्रीशियन जैसे रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए वन विभाग द्वारा प्रशिक्षण देने की बात भी कही गई।इस दौरान एसडीएम हितेश्वरी बाघे, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेश कुमार गजभिये, जनपद सदस्य निर्भय ठाकुर, बोधन नायक सहित 15 गॉवों के सरपंच एवं सचिव एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### दोपहर में सड़कों...

लेकर भी चचाएर् तेज हैं। मौसम विभाग की प्रारंभिक जानकारी के अनुसार लगभग दस जून के आसपास मानसून के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। यानी अभी करीब बीस दिनों तक लोगों को गर्मी के इस प्रचंड कहर को झेलना पड़ सकता है। लोग अब बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं ताकि तपती धरती और झुलसते जनजीवन को कुछ राहत मिल सके। फिलहाल सूरज की तपिश ने आमजन की दिनचर्या को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है और हर कोई मानसून की पहली बारिश का इंतजार कर रहा है।

**अधिक से अधिक पानी पिएं और धूप से बचाकर रहें-** वहीं मजदूर वर्ग के सामने सबसे बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है, जिन्हें रोजी-रोटी के लिए इस तपती धूप में भी काम करना पड़ रहा है। शाम करीब 6:30 से 7 बजे के बाद ही सूरज की तपिश कुछ कम होती है और तब जाकर लोगों को थोड़ी राहत मिलती है। लोग घरों से बाहर निकलकर ताजी हवा में सांस लेने की कोशिश करते हैं, लेकिन दिनभर की गर्मी का असर देर रात तक बना रहता है।

### कनसिघी में असामाजिक...

आवास संबंधी संकट से जूझ रहा है। एक तरफ बेटे की चिंता दूसरी तरफ अपने पत्नी और नाती परिवार के सामने अब रहने और खाने तक का संकट खड़ा हो गया है। इसका रिपोर्ट छुरा थाना में दर्ज कराई गई है और अज्ञात व्यक्ति द्वारा मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। गांववासियों ने प्रशासन और सरकार से अपील की है पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द उचित मुआवजा राशि और सहायता प्रदान की जाएं, ताकि परिवार फिर से अपना जीवन शुरू कर सकें और ऐसे अज्ञात व्यक्तियों को कड़ी कार्रवाई किया जाएं ताकि ऐसी घटनाएं का पुनरावृत्ति न हो।

### पंचायत उपचुनाव...

पंचायत रजनकटा एवं पंढरीपानी गोंड में पंच पद के लिए प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। इसके अलावा ग्राम पंचायत सेमरा एवं पिपरछेड़ी के एक-एक वार्ड में पंच पद हेतु चुनाव कराया जाएगा। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों की जांच एवं प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदान दलों की तैयारी, मतदान केंद्र व्यवस्था एवं अन्य चुनावी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पंचायत उपचुनाव को लेकर संबंधित क्षेत्रों में राजनीतिक एवं ग्रामीण गतिविधियां भी तेज हो गई हैं।

### राजीव गांधी की मनाई...

कदम उठाए। उनके विचार आज भी युवाओं और देश के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। ब्लॉक अध्यक्ष विद्याभूषण सोनवानी, पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, पार्षद रानू राठी, डोमेन्द्र साहू, बीरबल दास टंडन, दीक्षा राठी, गंगा हिम्मत कौर, दिनेश अम्बिलकर, रॉबिन एंथोनी, शशि शर्मा राहुल सिलवाल, राजेश साहू किरण साहू नीमा निम्बलकर रेणुका साहू, रेवती यादव, दिलीप बंजारे, गोवर्धन साहू धनेश्वरी डांडे, श्पूजा साहू, नीलकमल साहू, घनश्याम साहू, चोवा गिलहरे, केसी मिश्रा, शोभाराम गिलहरे, भरत देवांगन, लुकेश साहू, कीर्तन साहू, सुरेश ठाकुर, गोकुल साहू, डोमेश सिन्हा, सुमित तम्बोली, हीरालाल साहू, रूपेश बांदे, दिलीप बंजारे सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रयास विद्यालय प्राक्चयन...

दावा आपत्ति को पूर्णतः अमान्य माना जाएगा। प्राप्त दावा आपत्ति के परीक्षण पश्चात अंतिम निर्णय लिया जाएगा। दावा आपत्ति के संबंध में विषय विशेषज्ञों का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। डाक के माध्यम से दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

### चिलचिलाती धूप में...

ने प्रत्यक्ष रूप से बर्ड फीडर वितरण को कुछ समय के लिए सीमित करने का निर्णय लिया। हम गर्मी से बचने के लिए घरों में रह सकते हैं, लेकिन पक्षियों के लिए तो हर दिन भोजन और पानी की तलाश में खुले आसमान में निकलना मजबूरी है। तब विचार आया कि यदि हम हर घर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, तो क्यों न सोशल मीडिया के माध्यम से अपने संदेश को हर घर तक पहुंचाया जाए। इसी सोच के साथ मैं हूँ पक्षी मित्र राष्ट्रीय बर्ड फीडर अभियान की शुरूआत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से की गई। अभियान के तहत लोगों से अपील की गई कि वे अपने घर, छत, आंगन, बालकनी या पेड़ों पर पक्षियों के लिए दाना और पानी की व्यवस्था करें तथा अपने बर्ड फीडर के साथ फोटो साझा कर प्रमाणित पक्षी मित्र बने और अन्य लोगों को भी इस मुहिम से जोड़ें। शुरूआत में यह अभियान राजिम एवं गरियाबंद के क्षेत्रों तक सीमित था, लेकिन धीरे-धीरे यह छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में फैलने लगा। इसके बाद देश के अन्य राज्यों जैसे दिल्ली, मध्यप्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक सहित अनेक राज्यों के लोग भी इससे जुड़ते चले गए। आज हजारों लोग इस अभियान का हिस्सा बन चुके हैं।

### सहकारी समितियों में...

किया जा रहा है। उर्वरक वितरण व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित रखने एवं जमाखोरी रोकने के उद्देश्य से शासन ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिले के सभी किसान भाइयों से अपील है कि वे किसी भी अफवाह या भ्रामक जानकारी पर ध्यान न दें, और समस्या की स्थिति में अपने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारी समिति या जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष (9977106777, 7987538588) से सीधे संपर्क करें।

## खबर संक्षेप



### प्रगणकों को जनगणना का समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**रायपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में कलेक्टर गौरव सिंह ने बुधवार को जनगणना कार्य के तहत विभिन्न जोन में कार्यरत प्रगणकों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि जनगणना का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि तय समय-सीमा में जिन प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों द्वारा कार्य पूर्ण नहीं किया जाएगा, उन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर मनीष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### 15 मिनट में बना राशन कार्ड

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के जोन 6 अंतर्गत मठपुरैना सामुदायिक भवन में लगे सुशासन शिविर में एक महिला का 15 मिनट में राशन कार्ड बन गया। चंद्रशेखर वार्ड निवासी नेहा पटेल पिछले कई हफ्तों से नया राशन कार्ड बनाने के लिए जोन दफ्तर के चक्कर काट रही थी। शिविर में उसने आवेदन दिया। इस आवेदन पर नेहा को शिविर में मौजूद खाद्य विभाग की टीम ने 15 मिनट के अंदर राशन कार्ड बनाकर दिया। इसी प्रकार शिविर में अन्य 18 लोगों को भी मौके पर राशन कार्ड बनाकर दिए गए।

### सिविल सर्विस की प्रारंभिक परीक्षा 24 को

**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा सिविल सर्विस प्रारंभिक परीक्षा 24 मई को होगी। यह परीक्षा जिले के 22 परीक्षा केंद्रों में होगी। परीक्षा की प्रथम पाली सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक होगी। इसमें कुल 8 हजार 449 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा के संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर रायपुर उपेन्द्र किण्डो को सहायक को-ऑर्डिनेटिंग सुपरवाइजर तथा रोजगार अधिकारी, विशेष रोजगार कार्यालय रायपुर केदारनाथ पटेल को कंट्रोल रूम प्रभारी नियुक्त किया है।

### पेट्रोल-डीजल मूल्य वृद्धि आम जनता के साथ अन्याय : जनता कांग्रेस

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने राज्य एवं केंद्र सरकार तत्काल समन्वय बनाकर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी करने और आम जनता को महंगाई की मार से बचाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। छत्तीसगढ़ में पेट्रोल एवं डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों पर श्री नायक ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे आम जनता के साथ सीधा अन्याय बताया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल की मूल्य वृद्धि का सीधा असर गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर, छोटे व्यापारी एवं परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों पर पड़ता है। ईंधन की कीमत बढ़ने से केवल वाहन चलाना ही महंगा नहीं होता, बल्कि इसका प्रभाव रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं, खाद्य सामग्री, सब्जियों, दवाइयों तथा परिवहन सेवाओं पर भी पड़ता है।

समक्षः- श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय
राजिम जिला-गरियाबंद (छ.ग.)
:: शपथपत्र ::
मैं रामेश्वरी पांडे, उम्र 39 वर्ष, पति स्व. खोवालाल पांडे, जाति-कुम्हार, निवासी ग्राम-कोपरा, तहसील-राजिम जिला-गरियाबंद (छ.ग.) की हूँ, जो कि निम्नानुसार शपथ पूर्वक कथन करती है :-
1. यह कि, शपथकर्ती का नाम, पति का नाम, उम्र, जाति व पता, उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि, मैं शपथकर्ती रामेश्वरी पांडे, पति स्व खोवालाल पांडे, ग्राम-कोपरा, तहसील-राजिम जिला-गरियाबंद (छ.ग.) की स्थायी मूल निवासी हूँ।
3. यह कि, मेरा पुराना नाम रामेश्वरी पांडे है और मैं अपना नाम बदलकर रामेश्वरी चक्रधारी (नया नाम) करवाना चाहती हूँ।
4. यह कि, मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।
5. यह कि, मैं अपना नाम बदलकर, यदि कोई गैर कानूनी काम करती हूँ, तो मैं पूर्णतः स्वंय जिम्मेदार रहूंगी।
6. यह कि, मैं यह शपथपत्र पूर्ण होशो-हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रही हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।
शपथकर्ती
सत्यापन
मैं रामेश्वरी पांडे, उम्र 39 वर्ष, पति खोवालाल पांडे, जाति-कुम्हार निवासी ग्राम-कोपरा, तहसील-राजिम जिला-गरियाबंद (छ.ग.) की निवासी हूँ। शपथ पत्र की कंडिका 01 से लेकर 06 तक की लिखी बातें सत्य व सही है। हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दिया।
रामेश्व
दिनांक :- 18.05.2026 सत्यापनकर्ती

**पुण्यतिथि : कुल्हाड़ीघाट में राजीव गांधी की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर सैकड़ों कांग्रेसियों ने सद्भावना रैली निकाली**

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की युवा सोच को कभी भुलाया नहीं जा सकता : जनक ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 18 किमी दूर घने जंगल और पहाड़ियों के बीच बसा हुआ राजीव गोद ग्राम कुल्हाड़ीघाट में गुरुवार को राजीव गांधी पुण्यतिथि के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा श्रध्दांजलि सभा का आयोजन किया गया और दोपहर 12 बजे तेज धूप में रैली निकाली गई। इस मौके पर बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष राम कृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदू यादव एवं कुल्हाड़ीघाट के सरपंच बनसिंह सोरी, आदिवासी कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष खेदु नेगी, टीकम सिंह कपिल, युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शाहिद मेमन सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और आदिवासी कमार जनजाति के ग्रामीण राजीव गांधी के प्रतिमा का पूजा अर्चना कर दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया, पश्चात कुल्हाड़ीघाट के गलियों मे ब्लॉक कांग्रेस एवं ग्रामीणों रैली निकाली गई। इस दौरान कमार जनजाति परिवार के लोगो को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा साल श्रीफल देकर सम्मान किया गया आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा की राजीव जी देश के प्रथम युवा प्रधानमंत्री के रूप मे जाने जाते है उन्होने अपने कार्यकाल मे देश मे कम्प्युटर लाकर संचार क्रांति की शुरूआत की और देश मे 18 साल के उम्र वाले युवाओं को मताधिकार प्रयोग करने का अधिकार दिया हमेंशा युवा सोच के साथ देश के विकास के लिए उन्होने जो कार्य किया है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है।



### कांग्रेसजनों ने मनाई राजीव गांधी की पुण्यतिथि



**नवापारा-राजिम।** गुरूवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गाँधी जी के पुण्यतिथि को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव ने उनके द्वारा देश के लिये किये गए कार्यो को याद करते हुए कहा कि भारत में संचार क्रांति से जोड़कर देश मे कम्प्यूटर मोबाइल सहित हरित क्रांति के जनक के रूप में जानें जाते है 18 वर्ष कि आयु में मतदान का अधिकार पंचायती राज अधिनियम लागु कर भारत के ग्रामीण जन जीवन को मजबूत करने का काम किया। आज राजीव जी के पुण्य तिथि पर हम सभी उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामा यादव, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व नपा उपाध्यक्ष जीत सिंग, नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, चतुर जगत, अर्जुन साहू, हेमंत साहनी, अजय साहू, फागु देवांगन, टिकेश्वर गिलहरे, तरूण कंसारी, सुरेन्द्र साहू, निर्माण यादव, रामकुमार शर्मा, अजय गाड़ा, विजय तारक, बीरबल राजपूत, गुड्डू मिश्रा, घनश्याम साहू, सौरभ सोनी, शंकर साहू, राकेश सोनकर, मानसिंग ध्रुव मौजूद रहे।

### 1985 का वो ऐतिहासिक दौरा और कुल्हाड़ीघाट का कायाकल्प

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा की सन 1985 को देश के प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी जब इस छोटे से गांव कुल्हाड़ीघाट पहुंचे थे तब इस गांव में पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं थी और मूलभूत सुविधाएं नहीं था राजीव गांधी के कुल्हाड़ीघाट आने के बाद कुल्हाड़ीघाट तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क का निर्माण किया गया। बिजली लगाई गई स्कूल आश्रम खोला गया। कांग्रेस सरकार ने कुल्हाड़ीघाट के विकास के लिए खूब कार्य किया। श्री नेताम ने आरोप लगाते हुए कहा की जबसे प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है पक्षपात की राजनीति किया जा रहा है। आदिवासी कमार जनजाति के लोगों के विकास के लिए राज्य की भाजपा और केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, जिला कांग्रेस महामंत्री खेदू नेगी, मैनपुर मंडल अध्यक्ष टीकम कपिल,महामंत्री गेंदू यादव, नेहाल नेताम, सरपंच बनसिग सोरी, दामोदर मरकाम, धनसाय सोरी, तनवीर राजपूत, युवा कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष शाहिद मेमन, सावंत शर्मा, डोमार साहू, लिकेश यादव , घनश्याम यादव, नील कुमार बघेल, बजाडी सोरी, राजकुमार सोरी, जयराम सोरी, गंगाधर मरकाम, मेहत्तर मरकाम, चन्द्रजीत सोरी,धनेश्वर, श्यामलाल, सोमनाथ मरकाम, मनसाय,महेश मरकाम, रामचरण नेताम, नारायण सिंह मरकाम, रामदयाल नेताम, गंगाधर नेताम, नीलकुमार बघेल, महेश मरकाम उपस्थित थे।

# पूर्व पीएम राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर कांग्रेस ने ली आतंकवाद विरोध की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमित मिरी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी का 35वां बलिदान दिवस गुरुवार को पूरी श्रद्धा और निष्ठा के साथ आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ एकजुट होकर शपथ ली तथा राजीव गांधी के देश निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने आधुनिक भारत की नींव मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सूचना तकनीक पंचायती राज व्यवस्था और युवाओं को सशक्त बनाने के उनके प्रयास आज भी देश के विकास की दिशा तय कर रहे हैं।

इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता युगल किशोर पांडेय, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम सोनवानी, जिला महामंत्री डिलेश्वर देवांगन, महेन्द्र राजपूत, छगन यादव, ब्लॉक उपाध्यक्ष रमेश मेश्राम, छबि नेताम, कादर हिंगोरा, मुकेश रामटेके, विधानसभा अध्यक्ष अमृत पटेल, महामंत्री परमजीत कौर, हिमकला साहू, गुरनुर कौर, अक्तू राम यादव, लक्ष्मण चक्रधारी, देवेन्द्र ध्रुव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राजीव गांधी के बताए मार्ग पर चलने और देश में शांति, एकता एवं सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।



# रोहिणा में मनाई गई पूर्व पीएम स्व. राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' स्वर्गीय राजीव गांधी जी की 35वीं पुण्यतिथि 21 मई 2026 को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू के नेतृत्व में पंचायत भवन रोहिणा में पूरे सम्मान के साथ 'बलिदान दिवस' के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू एवं ग्रामीण जन विशेष रूप से उपस्थित रहे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने स्व.राजीव गांधी जी को याद करते हुए कहा की आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा राजीव जी ने सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर सम्हाली और मजबूत सैन्य शक्ति वाला विकसित, ताकतवर व संचार उपकरणों से लैस आधुनिक भारत बनाकर इसे एक नई गति और दिशा दी। उन्होंने युवाओं को 18 वर्ष की उम्र में वोट देने का अधिकार दिया,कंप्यूटर क्षेत्र में क्रांति, पंचायती राज व्यवस्था, जवाहर नवोदय विद्यालयों की शुरुवात इत्यादि जैसे कई ऐतिहासिक और जनहितैषी फैसले लिए। विज्ञान और तकनीकी को बढ़ावा देकर उन्होंने देश में उद्योगों के लिए रास्ते खोले, जो आगे चलकर 21वीं सदी के आधुनिक भारत की नींव बने। इस अवसर पर मोहन गिद्धावडे, आसाराम तोंडे, देवलाल नागवंशी, लालजी साहू, टिकेश्वर तोंडे, अश्वनी बांदे, रामलाल साहू, देवेंद्र साहू, जितेंद्र खरे, गुलशन साहू, प्रीतम धृतलहरे, जगमोहन राजा आदि गणमान्य नागरिकों, पार्टी कार्यकर्ताओं और आमजनों ने इस श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि दी गई।



**अब चला रहीं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय**

# दिव्यांगता को हराकर आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं कल्पना भोसले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और मेहनत के बल पर कोई भी बाधा सफलता की राह नहीं रोक सकती इस बात को कुमारी कल्पना भोसले ने सच साबित किया है। दोनों पैरों से 80 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग होने के बावजूद उन्होंने परिस्थितियों के आगे हार नहीं मानी और आज आत्मनिर्भरता की मिसाल बनकर समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी हुई हैं। चलने-फिरने में पूर्णतः असमर्थ कल्पना भोसले अपने दैनिक कार्यों के लिए व्हीलचेयर का उपयोग करती हैं, लेकिन उनके हौसले और सपनों की उड़ान को कभी सीमित नहीं किया जा सका। समाज कल्याण विभाग के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2018-19 में उन्हें छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम से स्वरोजगार हेतु सहायता मिली। 26 दिसंबर 2018 को उन्हें मोबाइल सेंटर संचालन के लिए 4 लाख 50 हजार रुपए का ऋण स्वीकृत हुआ। कल्पना ने इस अवसर को अपनी ताकत बनाया और 'कल्पना मोबाइल सेंटर' की शुरुआत की। अपनी मेहनत और लगन से व्यवसाय को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाते हुए उन्होंने ऋण की सभी किश्तों का समय पर भुगतान कर स्वयं को पूरी तरह ऋणमुक्त कर लिया। स्वरोजगार से मिली सफलता और आत्मविश्वास ने उन्हें एक नई दिशा दी।

### घर से 3 किमी दूर स्थापित किया स्कूल

उन्होंने विकासखंड फिंगेश्वर के ग्राम बोड़सी में अपने निवास स्थान से लगभग 3 किलोमीटर दूर वित्तीय वर्ष 2024-25 में 'एकलव्य पब्लिक स्कूल' नामक अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की स्थापना की। इस विद्यालय में नर्सरी से कक्षा 10वीं तक की शिक्षा दी जा रही है। कल्पना भोसले का उद्देश्य केवल व्यवसाय करना नहीं, बल्कि समाज सेवा के माध्यम से बदलाव लाना है। विद्यालय में गरीब और मेहनतकश परिवारों के बच्चों को रियायती शुल्क पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार भी अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिला सकें। इसके साथ ही विद्यालय के माध्यम से अन्य लोगों को रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं। कल्पना भोसले की सफलता यह साबित करती है कि वास्तविक शक्ति व्यक्ति के हौसले और आत्मविश्वास में होती है, न कि शारीरिक सीमाओं में। उन्होंने न केवल अपने जीवन को आत्मनिर्भर बनाया, बल्कि समाज के अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा का मार्ग प्रशस्त किया है। आज वे बिना किसी पर आश्रित हुए सम्मान और आत्मविश्वास के साथ अपना तथा अपने परिवार का खुशहाल जीवन जी रही हैं। उनका संघर्ष, समर्पण और सामाजिक सेवा का भाव निश्चित रूप से उन सभी लोगों के लिए प्रेरणादायक है, जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने सपनों को साकार करने का साहस रखते हैं।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान में शामिल हुए भाजपा कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

केंद्रीय एवं प्रदेश संगठन के नेतृत्व के निर्देश पर जिला भाजपा गरियाबंद के पदाधिकारी एवं वरिष्ठों तथा ध्यान प्रतिनिधियों का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान का दो दिवसीय कार्यक्रम 20 एवं 21 मई 2026 का संपन्न हुआ जिसमें भाजपा जिला गरियाबंद के सभी मंडलों के चयनित पदाधिकारी वरिष्ठ भाजपा नेता तथा जनप्रतिनिधि शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम में जिला भाजपा गरियाबंद के वरिष्ठ नेता एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य रामू राम साहू भी प्रशिक्षण महा अभियान में सम्मिलित रहे। उन्होंने बताया कि पूरे जिला गरियाबंद के प्रत्येक मंडलों का चयनित पदाधिकारी वरिष्ठ नेता एवं जनप्रतिनिधि का प्रशिक्षण पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण के तहत हुआ है। दो दिवसीय प्रशिक्षण महा अभियान अभनपुर के अग्रवाल धर्मशाला में संपन्न हुआ।उक्त कार्यक्रम प्रशिक्षण महा अभियान दो दिनों में 12 सत्र में संपन्न हुआ।प्रत्येक सत्र में महत्वपूर्ण विषयों पर आए हुए वक्ताओं द्वारा प्रकाश डाला गया जिसमें भारतीय जनता पार्टी को मजबूत बनाने तथ केंद्र की सरकार नरेंद्र मोदी एवं राज्य के विष्णु देव साय के योजनाओं को घर–घर पहुंचना तथा भाजपा को मजबूती प्रदान करना रहा है। रामू राम साहू ने बताया कि प्रशिक्षण महाभियांन के शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्रीमती रूप कुमारी चौधरी रही है द्वितीय सत्र में डॉक्टर अवधेश जैन ने संबोधित किया जिसमें एकात्म मानव दर्शन पर प्रकाश डाला गया। इसी तरह से स्थिति सत्र पर राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने हमारा इतिहास एवं विकास पर विचार प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सांसद रूप कुमारी चौधरी,विधायक रोहित साहू राजिम,राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, पूर्व विधायक बिंद्रा नवगढ़ डमरू धर पुजारी, साथ ही गरियाबंद जिला भर के सभी मंडलों से आए मंडल एवं जिला पदाधिकारी प्रदेश पदाधिकारी लगभग 200 की संख्या में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।





HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**जमीन बेचना है**

पांडुका में सड़क किनारे करीब सवा दो एकड़ जमीन बेचना है

फार्म हाउस बनाया जा सकता है।

सड़क से एक कदम चलना नही पड़ेगा

मो.: 9752106022

## खबर संक्षेप

### रायपुर संभागायुक्त कार्यालय में रीडर बने योगेश कुमार वर्मा

**गरियाबंद।** गरियाबंद जिला कार्यालय में कलेक्टर रीडर के रूप में 14 वर्षों तक उल्लेखनीय सेवाएं देने वाले योगेश कुमार वर्मा को रायपुर संभागायुक्त श्याम धावड़े (आईएएस) द्वारा न्यायालय आयुक्त रायपुर संभाग रायपुर में रीडर के पद पर कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर जिला कार्यालय के सभा कक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनका सम्मान समारोह आयोजित कर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। योगेश कुमार वर्मा ने अपने शासकीय सेवाकाल की शुरुआत छुरा तहसील में तहसीलदार रीडर के रूप में की थी, जहां उन्होंने करीब 6 वर्षों तक निष्ठा और समर्पण के साथ सेवाएं दीं। कार्यक्रम में जिला कार्यालय के अधिकारीगण, अधीक्षक, निर्वाचन पर्यवेक्षक, स्टेनो एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने योगेश कुमार वर्मा को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### गजेंद्र साहू बने ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष

**गरियाबंद।** अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) के ओबीसी विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ओबीसी कांग्रेस जिला अध्यक्षों की नई सूची जारी कर दी गई है। जारी सूची में प्रदेश के 33 जिलों में शहर और ग्रामीण इकाइयों को मिलाकर कुल 39 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा की अनुशंसा पर गजेंद्र साहू को ओबीसी कांग्रेस गरियाबंद जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति संबंधी अधिसूचना ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिंद द्वारा जारी की गई। जारी सूची के अनुसार गरियाबंद जिले की जिम्मेदारी गजेंद्र साहू को सौंपे जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। उनकी नियुक्ति पर ओबीसी कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा समाज के हितों की आवाज प्रभावी ढंग से उठाई जाएगी।



### दोपहर 12 से 4 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें : डॉ. ध्रुव

**मैनपुर।** इन दिनों क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश भीषण गर्मी के चपेट में है। ऐसे में डॉक्टरों के द्वारा लगातार लोगों को लू से बचने के लिए सावधनी बरतने सलाह दिया जा रहा है। शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर के बीएमओ डॉ. गजेन्द्र ध्रुव का कहना है कि गर्मी के मौसम में जब तापमान तेजी से बढ़ता है तब लू लगने का खतरा बढ़ जाता है लू लगना यानी हीट स्ट्रोक एक ऐसी स्थिति जिसमें शरीर का तापमान बहुत ज्यादा बढ़ जाता है और शरीर के अंदर का कूलिंग सिस्टम काम करना बंद कर देता है समय पर इलाज न हो तो यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। उन्होंने बताया कि धूप में अधिक समय तक रहते हैं या शरीर में पानी की कमी हो जाती है, तो शरीर का तापमान नियंत्रित नहीं रह पाता। डॉ श्री ध्रुव ने बताया कि लू लगने के पीछे कई कारण हो सकते हैं तेज धूप में लंबे समय तक रहना, शरीर में पानी और नमक की कमी। बहुत गर्म और उमस भरे मौसम में बाहर निकलना पर्याप्त पानी न पीना। दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें।



**समस्या : नियम तोड़ने वाले वाहन मालिकों और चालकों पर कड़ी कार्रवाई हो**

# शहर के बीच से मौत बनकर गुजर रहे रेत से भरे हाईवा, नागरिकों में फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

पिछले कुछ दिनों से जुड़वा शहर नवापारा-राजिम के मुख्य बाजार और अत्यधिक भीड़भाड़ वाले मार्गों से दिन-रात बेधड़क गुजर रहे रेत से भरे भारी हाईवा वाहनों ने आम नागरिकों की चिंता और नाराजगी को चरम पर पहुंचा दिया है। गुरुवार को इस गंभीर मुद्दे को लेकर पूरे शहर में प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश का माहौल देखा गया। स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों, पार्षदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया से लेकर चौक-चौराहों की चर्चाओं में पुलिस और खनिज प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े किए हैं।

शहर के भीतर से लगातार दौड़ रहे ये भारी वाहन पूरी यातायात व्यवस्था को तहस-नहस कर रहे हैं। जिन प्रमुख मार्गों और संस्थानों के सामने से ये वाहन गुजर रहे हैं, उनमें शामिल हैं सोमवारी बाजार एवं गंजमार्ग (शहर का सबसे व्यस्त व्यापारिक क्षेत्र), कृषि उपज मंडी मार्ग और बस स्टैंड, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं यूनियन बैंक के सामने, शासकीय हरियर हायर सेकेंडरी स्कूल, व्यापारियों का कहना है कि सुबह से देर शाम तक बाजार में महिलाओं, बुजुर्गों और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले खरीदारों की भारी भीड़ रहती है। ऐसे में रफ्तार से दौड़ते रेत लोडेड हाईवा हर पल दुर्घटना की आशंका पैदा कर रहे हैं। स्थिति इतनी भयावह हो जाती है कि ग्राहकों को अपनी जान बचाने के लिए दुकानों के अंदर घुसकर हाईवा के निकलने का इंतजार करना पड़ता है। इसके अलावा धूल, कानफोड़ शोर और भारी कंपन से बाजार का पूरा वातावरण दूषित हो रहा है।

**सड़क पर उतरकर आंदोलन करने मजबूर-** स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो जनता सड़क पर उतरकर आंदोलन करने मजबूर होगी। लोगों ने कहा कि नियम तोड़ने वाले वाहन मालिकों और चालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। शहर की जनता की सुरक्षा किसी भी कीमत पर खतरे में नहीं डाली जा सकती। यदि प्रशासन ने अब भी गंभीरता नहीं दिखाई तो आने वाले दिनों में यह मुद्दा बड़ा जनआंदोलन का रूप ले सकता है। बताया जा रहा है कि नदी के उस पार संचालित रेत घाटों से लगातार रेत का परिवहन किया जा रहा है और भारी भरकम हाइवा वाहन शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजर रहे हैं। इन वाहनों की तेज रफ्तार और लगातार आवाजाही से सड़क हादसे की आशंका बढ़ गई है।



### पहले भी जा चुकी है आधा दर्जन से अधिक लोगों की जान

स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति गुस्सा इस बात को लेकर भी है कि इससे पहले भी रेत से भरे हाईवा शहर में कई दर्दनाक सड़क हादसों का कारण बन चुके हैं, जिनमें आधा दर्जन से अधिक लोगों की असमय मौत हो चुकी है। लोगों का आरोप है कि किसी हादसे के बाद प्रशासनिक स्तर पर कुछ दिनों तक कार्रवाई का दिखावा होता है, लेकिन फिर स्थिति जस की तस हो जाती है। ये रेत भरी गाड़ियां धमतरी जिले के उस हिस्से से शहर में प्रवेश करती हैं, जो शहर से लगे हुए महानदी और पैरी नदी के किनारे बसे गांव हैं। नदी के उस पार संचालित रेत घाटों से लगातार रेत का अवैध व वैध परिवहन किया जा रहा है, जिस पर तत्काल लगाम कसने की जरूरत है।

### जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध जनों ने जताई गहरी नाराजगी

गुरुवार को दोपहर से लेकर देर रात तक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इस विषय को लेकर पोस्ट और तीखी टिप्पणियों की बाढ़ आई रही। आम जनता के साथ-साथ शहर के प्रबुद्ध जनों ने भी इस पर कड़ा ऐतराज जताया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सौरभ शर्मा, समाजसेवी व व्यापारी ज्ञानचंद लालवानी, श्रीकांत साहू, विशेषर हिरवानी, तुकाराम कंसारी और नागेंद्र निषाद सहित शहर के प्रमुख व्यवसायियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस मुद्दे पर गहरा आक्रोश जाहिर किया है। इन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि नियमों का पालन केवल आम जनता के लिए नहीं, बल्कि खनिज परिवहन करने वालों के लिए भी समान रूप से होना चाहिए।

## झरियाबाहरा एनएच 130 पर बनेगी नई पुलिस जांच चौकी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

- कलेक्टर और एसपी ने किया चयनित भूमि का निरीक्षण

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर से 08 किमी दूर झरियाबाहरा नेशनल हाइवे 130 सी पर नए पुलिस जांच चौकी निर्माण की तैयारी तेज हो गई है गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके एवं पुलिस अधीक्षक देवव्रत सिरमौर के मार्गदर्शन में यह महत्वपूर्ण पहल की जा रही है जहां ग्राम पंचायत द्वारा भूमि की मंजूरी भी दे दी गई है। आज गुरूवार को गरियाबंद कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने स्थल का निरीक्षण किया है। इस दौरान एसडीओपी पुलिस ओमप्रकाश कुजुर, तहसीलदार सुशील कुमार भोई, थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा एवं अन्य अधिकारियो ने चयनित भूमि का अवलोकन कर यहां जॉच चौकी को सुरक्षा की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण बताया है क्योंकि इस मार्ग मे पुलिस को अवैध गांजा व कई अनैतिक कार्यो को अंजाम देने वाले आरोपियो को पकड़ने मे भारी सफलता मिली है। स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने भी इस पहल का स्वागत किया है। ग्रामीणों का कहना है कि जांच नाका बनने से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता बढ़ेगी तथा सड़क दुर्घटनाओं और अपराधों पर नियंत्रण लगाने में मदद मिलेगी।

## भीषण गर्मी व लू के प्रकोप को लेकर पुलिस अलर्ट, जारी की एडवाइजरी

**गरियाबंद।** जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए गरियाबंद पुलिस ने आम नागरिकों के लिए विशेष जनजागरूकता संदेश जारी किया है। पुलिस अधीक्षक वेद व्रत सिरमौर के मार्गदर्शन में जारी इस संदेश में लोगों से गर्मी के दौरान स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने तथा सड़क पर यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है। गरियाबंद पुलिस द्वारा जारी एडवाइजरी में नागरिकों से पर्याप्त मात्रा में पानी पीने ओआरएस या नींबू पानी का सेवन करने तथा सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक तेज धूप में बाहर निकलने से बचने की सलाह दी गई है। साथ ही हल्के और सूती कपड़े पहनने लू के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने तथा बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की अपील की गई है। इसके अलावा सड़क सुरक्षा को लेकर भी पुलिस ने वाहन चालकों को सतर्क किया है। एडवाइजरी में धीमी गति से वाहन चलाने, सीट बेल्ट लगाने, हेलमेट पहनने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने और शराब पीकर वाहन न चलाने की हिदायत दी गई है। थकान महसूस होने पर बीच में विश्राम लेने की सलाह भी दी गई है ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। गरियाबंद पुलिस ने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में नागरिक सतर्क रहें और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल डायल 112 पर संपर्क करें। पुलिस का संदेश है आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता इसलिए सावधान रहें, सुरक्षित रहें और नियमों का पालन।

## भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम



जिला भाजपा द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 20 एवं 21 मई को हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के समापन समारोह में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक रोहित साहू ने की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, डमरूधर पुजारी, गोवर्धन मांझी, महामंत्री चंद्रशेखर साहू, आशीष शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार साहू, गौरीशंकर कश्यप, नंदनी साहू, लालिमा ठाकुर, शिवांगी चतुर्वेदी, नंदनी ढीढी उपस्थित रहे। समापन सत्र को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, किसान हितैषी योजनाएं, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं से शासन की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ता आधारित संगठन है और प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के विचारों को आत्मसात कर राष्ट्रहित एवं संगठन मजबूती के लिए कार्य करने का संदेश दिया। प्रशिक्षण वर्ग में जिलेभर से बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

## डायल 112 वाहन को जनक ध्रुव ने दिखाई हरी झंडी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

नागरिक सुरक्षा और आपातकालीन सेवाओं को अधिक प्रभावी एवं तकनीक आधारित बनाने की दिशा में बढ़ा कदम उठाया गया है। गुरूवार को बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने मैनपुर थाना में 112 वाहन की पूजा अर्चना कर हरी झंडी दिखाई और कहा की आने वाले समय में निश्चित रूप से इसका लाभ मिलेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से मैनपुर सरपंच हनिता नायक, भाजपा नेता रामदास वैष्णव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा, जाकिर रजा, डाकेश्वर नेगी, खेदु नेगी, तनवीर राजपूत, निहाल नेताम, शाहिद मेमन, लिकेश यादव, सामंत शर्मा, मोहित ध्रुव, अरूण यादव, एक्ता दीक्षित एवं बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

## घर, दुकान और संस्थान को कचरा चार अलग-अलग श्रेणियों में देना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अभनपुर

- अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का शुभारंभ

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के तहत अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के पालन में नगर पालिका परिषद अभनपुर के द्वारा नगर में स्त्रोत पृथक्करण एवं स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका सीएमओ सौरभ शर्मा ने बताया कि 1 अप्रैल से समस्त नगरीय निकायों में एसडब्लूएम रूल्स 2026 पूर्ण रूप से प्रभावी हो चुके हैं।

इसके तहत अब अभनपुर के प्रत्येक घर, दुकान और संस्थान को कचरा चार अलग-अलग श्रेणियों में देना अनिवार्य है। कौन सा कचरा किस डिब्बे में जाएगा इसकी विस्तृत जानकारी देते बताया कि हरा डिब्बा मे रसोई का गीला कचरा जैसे सब्जी-फल के छिलके, बचा भोजन, चाय पत्ती,नीला डिब्बा सूखा कचरा जैसे कागज, गत्ता, प्लास्टिक, धातु, कांच, कपड़ा लाल डिब्बाः स्वास्थ्य कर अपशिष्ट जैसे सेनेटरी नैपकिन, डायपर, रूई, पट्टी, इस्तेमाल कि ये जायेगा एवं मास्कबैंगनी डिब्बा मे विशेष देखभाल अपशिष्ट जैसे एक्सपायर्ड दवाएं, थर्मामीटर, टूटी ट्यूबलाइट, पेंट के डिब्बे का उपयोग होगा।

इसमे जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण रहेगी नगर पालिका अध्यक्ष, सभी पार्षद एवं वार्ड सदस्य मुख्य सहयोगकर्ता के रूप में नामित किए गए हैं। यह उनका वैधानिक कर्तव्य होगा कि वे अपने वार्ड के प्रत्येक नागरिक को इस अभियान में सम्मिलित करें और शत-प्रतिशत स्त्रोत पृथक्करण सुनिश्चित कराए एवं नियम तोडऩे पर कार्यवाही का प्रावधान कि ये गये है,पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मिश्रित कचरा देने वाले नागरिकों पर जो गंदगी फैलायेगा वही जुर्माना भरेगा सिद्धांत के तहत पर्यावरण क्षतिपूर्ति अधिरोपित की जाएगी। पहले चरण में वार्ड मॉनिटर समझाइश देंगे, इसके बाद भी सुधार न होने पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

कचरा संग्रहण वाहन न आने व समय पर न पहुंचने या अन्य किसी समस्या के लिए नागरिक निदान 1100 पर कॉल कर सकते हैं।

## गायत्री शक्ति पीठ नवापारा में 5 दिवसीय युवा शिविर का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम



गायत्री शक्ति पीठ नवापारा में 23 मई तक ब्लॉक स्तरीय 5 दिवसीय आवासीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन गायत्री परिवार द्वारा किया गया है। जिसमें युवाओं के व्यक्तित्व विकास के लिये महत्वपूर्ण सूत्रों को प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया जा रहा हैं। शिविर मे 16 वर्ष से 35 वर्ष के युवाओं को रखा गया है। प्रशिक्षण देने के लिये चम्पेश्वर साहू, लेखराम साहू, भागीरथी सोनकर एवं वरुण साहू की टीम मौजूद हैं। कार्यक्रम के दौरान युवाओं के समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए सफलता के सूत्र, कैरियर गाइडेंस, व्यक्तित्व निर्माण ,स्वस्थ जीवन ,तनाव प्रबंधन ,बुद्धि बढ़ाने के वैज्ञानिक उपाय, व्यसन से बचाये सृजन में लगाये, संस्कारों का विज्ञान, कर्मफल का सिद्धांत आदि विषयों पर रोचक कक्षाएं लगाई जा रही है। खास बात यह है कि प्रशिक्षण के दौरान 17 युवाओं ने मांसाहार न करने और अपने घरों में एवं परिवारजनों को भी इस संकल्प को दोहराने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया गया।

**दोपहर में लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह**

# तापमान पहुंचा 44 डिग्री, दोपहर में बस स्टैंड पर पसरा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

जिले में पड़ रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। आसमान से मानो आग बरस रही है और गर्म हवाओं के थपेड़े लोगों को झुलसा रहे हैं। गुरुवार को गरियाबंद में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जिससे आमजन बेहाल नजर आए। लगातार बढ़ती गर्मी को देखते हुए शासन ने भी हीट अलर्ट जारी किया है और खासकर दोपहर के समय लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। तेज धूप और लू के डर से लोग खुद को घरों में कैद करने को मजबूर हैं। दिनभर गलियों में खेलने-कूदने वाले बच्चों की चहल-पहल भी थम गई है। शहर की सड़कों पर दोपहर के समय ऐसा सन्नाटा पसरा रहा मानो समय ठहर गया हो। 21 मई को जिला मुख्यालय के बस स्टैंड का नजारा भी बदला-बदला नजर आया। जहां आम दिनों में यात्रियों की भीड़ और हलचल रहती है, वहीं गुरुवार को वहां सन्नाटा पसरा रहा। यात्री बसें खाली सीटों के साथ दौड़ती नजर आईं जबकि ऑटो चालक घंटों सवारी के इंतजार में खड़े दिखाई दिए। जरूरी काम से बाहर निकले कुछ लोग ही सड़कों पर नजर आए, बाकी लोगों ने धूप से बचने के लिए घरों में रहना ही बेहतर समझा।

**हॉट बाजार से लेकर नेशनल हाईवे तक वीरानी-** भीषण गर्मी का असर सिर्फ शहर के बस स्टैंड तक सीमित नहीं रहा, बल्कि हॉट बाजार, मुख्य बाजार और नेशनल हाईवे की सड़कें भी दोपहर में लगभग सूनी दिखीं। जिला मुख्यालय में रोजाना दूर-दराज के गांवों से लोग अपने कामकाज के लिए आते हैं लेकिन इन दिनों लू के थपेड़ों ने लोगों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है।

### दोपहर में बाहर निकलने से बचें



विशेषज्ञों और स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक बाहर न निकलें, पर्याप्त पानी पिएं और सिर ढंककर ही घर से बाहर जाएं। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को अधिक सावधानी बरतने की जरूरत बताई गई है। गरियाबंद में मई की तपिश अब लोगों की परीक्षा लेने लगी है। हर किसी की नजर अब आसमान पर टिकी इस उम्मीद में कि जल्द राहत की बारिश हो और इस झुलसाती गर्मी से कुछ निजात मिल जाए।

